हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 18 मई 2024



11 साइकिल रैली से शहरवासियों को बताया मतदान का...





12 लिस और अर्धसैनिक बल ने चुनाव के लिए संभाला...





इस कटिंग के साथ सागर चाय 250 ग्राम का 1 रेपर व अपनी फोटो नाम व पता के साथ Whatsapp करें। और हर महीने के आखिरी दिन 1 SUJATA JMG लक्की ड्रा में जीतने को सुनहरा मौका पाएं।

सागर चाय

MITTAL TRADING CO.
Jain Chowk, Bhiwani
Mob: 92152-43212


# गेहूं के अवशेषों की तपिश से झुलस रही है हरियाली

## कटाई व कढ़ाई कार्य मुक्कमल होते ही अवशेष जलाने लगे किसान

हरिभूमि न्यूज भिवानी



जिला प्रशासन हरियाली को बचाने के लिए भरपूर प्रयत्न कर रहा है लेकिन किसान नियमों को ठेंगा दिखाते हुए गेहूं के अवशेषों को आग के हवाले करने से बाज नहीं आ रहे हैं। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार होने की वजह से एक बार लगी आग की चिंगारी अनेक खेतों में बचे अवशेषों को अपने आगोश में ले रही है।

एक बार आग लगने के बाद यह स्थिति किसी एक इलाके की नहीं बल्कि अनेक स्थानों पर पर बनी हुई है। गेहूं की कटाई व कढाई के वक्त किसानों ने कुछ दिनों तक अवशेषों के आग के हवाले नहीं किया था,लेकिन जैसे जैसे कटाई व कढाई का कार्य मुक्कमल होते ही अवशेषों को आग के हवाले करना आरंभ कर दिया है। हालात ये बने है कि दिन व रात में अनेक किसान अपने खेतों में बचे अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है। किसी एक खेत में आग लगने के बाद अन्य खेतों में बिना आग की लपटें फैल रही है। पारा ज्यादा होने की वजह से आग की लपटें एकदम इतनी तेज हो जाती है कि वे कुछ ही मिनटों में एक खेत से खेत तक पहुंच जाती है। उनके रास्ते में आने वाली हरियाली या अन्य कोई सामान आ जाए तो उसको भी आग झुलस रही है। आग की लपटें इतनी भयानक होती है कि चाहे कितना भी बड़ा पेड़ हो। उसको भी अपने लपेटे ले रही है। रोजाना खेतों में खड़े हरे पेड़ झुलस रहे है। अगर गेहूं व अन्य फसलों के अवशेषों में आग लगाने की गति इतनी ही तेज रही तो कुछ ही दिनों में हरियाणा झुलस जाएगी। फिलहाल किसानों के खेतों में नीम, शीशम व कीकर आदि के पेड़ व पौधे है। जो आग में झुलस रहे है। हैरानी की बात यह है कि विगत में जिला प्रशासन ने अवशेष जलाने पर पूरी तरह से बंदिश लगा दी थी,लेकिन किसान धड़ल्ले से अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है।

### घटती है उपजाऊ शक्ति मित्र कीट होते हैं खत्म

आग से हरियाली ही नहीं बल्कि खेतों की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाती है। क्योंकि आग से खेतों में मित्र कीट होते है। जैसे ही आग लगाई जाती है तो मित्र कीट पतंगे भी आग की भेंट चढ़ जाते है। जमीन में रहने वाले जीव भी आग में झुलस कर मर रहे हैं। कुछ इलाकों में जमीन में रहने वाले जीव जंतु अपने बसेरे को छोड़कर अन्यंत्र जा रहे हैं। आग से प्रकृति को भी मोटा नुकसान हो रहा है। यही नहीं अवशेषों में लगी आग फैलने से खेतों में किसानों द्वारा रखे गए पैम्पसेट व सोलर पम्पसेट भी जल रहे हैं। जिसका सीधा नुकसान किसानों को भी हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### यूजी व पीजी परीक्षाओं को लेकर धारा 144 लगाई



**भिवानी।** महर्षि दयानंद विवि द्वारा जिले के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश नरेश नरवाल ने जिले में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर परिधि में धारा 144 के तहत पाबंदियां रहेंगी। परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही डेटशीट के अनुसार जिलाधीश के आदेश लागू हो गए हैं।

## ग्रामीणों ने अनियमितताएं बरतने का लगाया आरोप

# वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने किया पाइप लाइन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी



बिरहीकलां में बाढ़ के पानी की निकासी के लिए डाली जा रही पाइप लाइन में अनियमितताओं की शिकायत पर जिला परिषद वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोनू साहूवास ने निरीक्षण किया। उन्होंने पाइप व अन्य सामग्री की जांच की। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन में अनियमितताएं बरती जा रही हैं, जिसके लिए जिला प्रशासन को कई बार अवगत करवाया जा चुका, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने उक्त कार्य में लेवल को गलत बताया। सोनू ने जल्द ही ग्रामीणों को ठेकेदार के खिलाफ जांच का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन डालते समय पाइपों का जोड़ नहीं मिलाया जा रहा और ना ही पाइपों में रिंग डाल रखी है। ग्रामीणों की उक्त समस्या को सुनते हुए साहूवास ने कार्य में अनियमितताएं पाए जाने पर तुरंत ही सिंचाई विभाग के एक्सईएन से दूरभाष पर बात करके कार्य में पाई गई अनियमितताओं से अवगत करवाया।

सोनू ने एक्सईएन को गांव के विकास कार्यो में कोताई न बरतने की सख्ती से हिदायत दी और बताया कि बिरहीकलां में बाढ़ के पानी की निकासी को जो होद बनाई जा रही है, उसमें न ही डिवाटरिंग कर रखी, बल्कि पानी के अंदर ही सैटरिंग कर आरसीसी का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि कार्य को सही तरीके से व मजबूती प्रदान करने के लिए पहले डिवाटरिंग की जानी चाहिए थी, उसके बाद बैड डालकर कार्य किया जाना था।

### कार्य की पुनः जांच करवाई जाए

सोनू ने एक्सईएन को सख्ती से निर्देश जारी करते हुए कहा कि उक्त कार्य की पुनः जांच करवाई जाए और संबंधित एसडीओ व जेई द्वारा उक्त कार्य को बेहतरीन तरीके से सम्पन्न करवाएं, साथ ही भविष्य में ऐसी कोताई न बरती जाए, अन्यथा दोषियों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। वहीं ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि कार्य के अतिरिक्त भविष्य में भी होने वाले विकास कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अनियमितताएं बरतने पर प्रत्येक कर्मियों व अधिकारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक और मौका, 18 को समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी सरसों

**भिवानी।** सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद से वंचित किसानों को सरकार ने एक दिन का मौका दिया है। सरकार 18 मई को सरसों की पुनः खरीद करेगी। खरीद केवल एक दिन होगी व मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्टर्ड किसान ही फसल बेच सकते हैं। जिले की सभी छह मंडियों में इसकी तैयारी कर दी गई है। चार-चार का स्टॉफ खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से लगा दिया गया है, जबकि मार्केट कमेटी का स्टॉफ गेट पास देने के लिए मौके पर तैनात रहेगा। हैफेड ने सभी जिलों के सभी को पत्र जारी किया है। जिसमें किसानों को मौका प्रदान करने के लिए एक दिवसीय खरीद का निर्णय लिया गया। महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी एवं झज्जर में लागू होगा तथा 18 मई को एक दिवसीय खरीद की जाएगी। खरीद एजेंसी हैफेड रहेगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 839 किसानों के हालिया सरसों खरीद के दौरान गेट पास तो कट गए थे, लेकिन उनकी सरसों की नीलामी नहीं हो पाई और वह किसान सरसों सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित रह गए थे। इस कारण सरकार ने एक दिवसीय खरीद खोलने का निर्णय लिया है, जिसमें केवल मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान पूर्ववत भाग ले सकते हैं। किसानों को अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा। मंडी आने पर सवेरे उनका गेटपास जनरेट किया जाएगा। गेटपास जनरेट होने के बाद वह सरसों खरीद में शामिल हो सकेंगे।

## मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र : खंड शिक्षा अधिकारी



**भिवानी।** देश के स्वर्णिम भविष्य के निर्माता कहे जाने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में शुक्रवार को जिला के गांव धिराणा स्थित राजकीय वमावि में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 10वीं एवं व 12वीं की परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भिवानी के खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी प्रधान धर्मवीर शर्मा ने शिरकत की। बीईओ शिवकुमार तंवर ने कहा कि विद्यार्थियों को देश का भविष्य माना जाता है तथा देश के भविष्य को हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र मेहनत बताते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। प्राचार्य प्रवेश गौतम ने बताया की विद्यालय का 10वीं तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत.प्रतितश रहा। 12वीं कक्षा में 12 विद्यार्थियों तथा दसवीं कक्षा में 10 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। 12वीं कक्षा में तनु ने 91.6 प्रतिशत, मोनिका ने 89.6 प्रतिशत तथा जितांशी ने 86.8 प्रतिशत अंक किए। 10वीं कक्षा में रेनू ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, पल्लवी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## हीट वेव से कूलर बचाएंगे 'सुधा' के शावकों को

**भिवानी।** आम लोगों के साथ ही परिंदों व जानवरों के लिए भी बढ़ती गर्मी घातक साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने खासकर चिड़ियाघर में पशु व पक्षियों को गर्मी से बचाने का पुख्ता इंतजाम किए गए है। चिड़ियाघर में शेरनी सुधा के छह माह के दो शावकों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। भिवानी के चौ. सुरेंद्र सिंह मैमोरियल लघु चिड़ियाघर में पक्षियों व जानवरों को इस भीषण गर्मी से बचाने के लिए ना केवल व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, बल्कि पानी की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि चिड़ियाघर के पशु व पक्षी हीट स्ट्रोक व सन स्ट्रोक से बचे रहे। भिवानी लघु चिड़िया के इंचार्ज वन्य जीव रक्षक सोमबीर ने बताया कि भिवानी लघु चिड़िया में 2 शेर सिंभा व शिवा है। इसके अलावा शेरनी सुधा तथा उसके साढ़े 6 माह के दो बच्चें है। जिन्हे गर्मी की मार से बचाने के लिए कूलर लगाया गया है। इनके लिए पत्थर के कुंड में पानी की व्यवस्था भी नहाने के लिए की गई है। वहीं पक्षियों के बाड़ों में पानी की समुचित व्यवस्था के अलावा समय पर भोजन तथा बाड़ों को सीधी रोशन से बचाने के लिए हरे जालीनुमा तिरपाल से ढका गया है।




# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## कंप्यूटर का आज बहुत महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### क्या होता है कार्य

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

### 12वीं की पढ़ाई के बाद यह एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स

# बिजनेस की बारीकियां समझते हैं तो बीबीए कर बना सकते हैं अच्छा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं के लिए बन रहा पहली पसंद

विद्यार्थी अपने करियर में कई तरह के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स कर के करियर को सफल बनाने के बारे में प्रयास करता है। विद्यार्थी अपने विषय वर्ग के आधार पर ही उच्च स्तर के पढ़ाई के बारे में सोचता है और उच्च स्तर की पढ़ाई को अपने ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विषय वर्ग के आधार पर ही तय करता है। जो विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कोर्स करना चाहते हैं। यानी कि जो विद्यार्थी अपने भविष्य में बिजनेस को कैसे बढ़ाया जाए और बिजनेस से जुड़ी इकोनामी और मार्केटिंग स्ट्रैटजी के बारे में डिग्री लेना चाहते हैं, तो उन विद्यार्थियों के लिए भी बीबीए की डिग्री बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है। विद्यार्थी बीबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को बिजनेस के क्षेत्र में सफल बना सकता है। आज के आर्टिकल में हम आपको बीबीए कोर्स क्या होता है और बीबीए कोर्स कैसे करें, इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।





### क्या होता है बीबीए

भारत में बहुत सारी यूनिवर्सिटी जो बीबीए कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाती है। बीबीए कोर्स जो 12वीं की पढ़ाई के बाद एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है। इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी को 6 सेमेस्टर यानी कि 3 साल तक पढ़ाई करनी होती है। बीबीए कोर्स करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कई क्षेत्रों में नौकरी हासिल कर सकता है और उसके बाद मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को सुधार सकता है। बीबीए का फुल फॉर्म "बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन" है। जिसे हिंदी में व्यवसाय प्रबंधन में ग्रेजुएशन कहा जाता है।

### क्या है योग्यता

*जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करना चाहता है। उस विद्यार्थी के पास कुछ योग्यता होनी अनिवार्य है। क्योंकि योग्यता के आधार पर ही विद्यार्थी को बीबीए कोर्स में आवेदन मिलता है। बीबीए कोर्स करने वाले उम्मीदवार के पास किसी भी विषय वर्ग के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक होना अनिवार्य है। कई ऐसे सरकारी कॉलेज है, जो 60% न्यूनतम अंक पूछते हैं। बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने वाले विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी है और बारहवीं कक्षा के बाद किसी कॉलेज में एंट्रेंस एग्जाम आयोजित होता है। तो उस एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर एडमिशन लेना होगा। अन्यथा आप डायरेक्ट बारहवीं कक्षा के बाद बीबीए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।*

### कैसे करें बीबीए

*जो विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे कुछ चरण मौजूद करवाए गए हैं। उन चरणों को फॉलो करते हुए विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर सकता है। सर्वप्रथम विद्यार्थी को बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। 12वीं कक्षा में विद्यार्थी न्यूनतम 50% या न्यूनतम 60% अंक के साथ पास कर सकता है। कई कॉलेज जो 50% अंक के बावजूद भी आप को एडमिशन दे देते हैं। लेकिन कई कॉलेज में न्यूनतम मार्क्स के तौर पर 60% अंक होने अनिवार्य है। बारहवीं कक्षा के पश्चात विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए कॉलेज में जाता है। कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को 3 साल की अवधि यानी कि 6 सेमेस्टर में अच्छे से पढ़ाई करते हुए इस कोर्स को पूरा करना है और बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल करना है।*

### कितनी फीस होती

*बीबीए करने के लिए कितना खर्चा आएगा इसके बारे में बात की जाए, तो बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवार को फीस के तौर पर 3 साल में कुल 100000 से लेकर 150000 तक खर्चा आता है। कई प्राइवेट कॉलेज में इससे अधिक भी हिसाब से वसूली जा सकते हैं।*

***बेहतरीन कॉलेज :*** *भारत की जनसंख्या के आधार पर भारत में लाखों की संख्या में विश्वविद्यालय में मौजूद होंगे लेकिन कई बार भारत के टॉप कॉलेज पर बात आकर अटक जाती है। भारत के टॉप बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं: क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल, नोएडा, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, नोएडा विल्सन कॉलेज, मुंबई, शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट , मुंबई, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र, एस. पी. जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई, नेशनल इंस्टियूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान।*



### कितने साल का कोर्स

*बीबीए कोर्स कितने साल का होता है? यह सवाल कई लोगों के मन में हमेशा खटकता रहता है। बीबीए कोर्स दो-तीन साल की अवधि के लिए कॉलेज के द्वारा प्रदान करवाया जाने वाला एक ग्रेजुएशन कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 3 साल यानी कि 6 सेमेस्टर के दौरान पूरा कर सकता है। विद्यार्थी 6 सेमेस्टर के साथ इसका सर्टिफिकेट हासिल कर सकता है।*

### कोर्स के विषय

बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर किन किन विषयों के साथ हो सकता है। इसके बारे में जानकारी लेना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर रहा है। उन विद्यार्थियों के लिए बीए में कौन-कौन से विषय होते हैं। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- फाइनेंसिएल एकाउंटिंग
- प्रिंसिपल ऑफ मैनेजमेंट
- क्वांटीटेटिव टेक्निकस
- बिजनेस इकॉनोमिक्स
- कॉस्ट एकाउंटिंग
- मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- स्टेटिस्टिक मैनेजमेंट
- डायरेक्ट एंड इन डायरेक्ट टैक्स
- मार्केटिंग मैनेजमेंट
- बिजनेस मैथिमेटिक्स
- सिक्योरिटी एनालिसिस
- कॉरपोरेट प्लानिंग
- प्रोडक्शन एंड मैटिरियल मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल मार्केटिंग ऑर्गेनाइजेशन बिहेवियर
- ऑपरेशनस रिसर्च
- इंडस्ट्रियल रिलेशनस
- पर्सनल मैनेजमेंट
- बिजनेस फाइनेंस
- इंवायरमेंटल मैनेजमेंट
- हयूमेन रिसोर्स मैनेजमेंट
- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन

### बीबीए के बाद क्या करें

जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर लेता है, तो उसके पश्चात विद्यार्थी को आगे मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेने का एक सुनहरा मौका होता है। एमबीए की डिग्री लेने के बाद विद्यार्थी अपने आपको बिजनेस के क्षेत्र में काफी परफेक्ट बना सकता है और बिजनेस के कई विषयों को गहराई के साथ पढ़ सकता है। जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करने के बाद डिग्री लेने की बजाय सीधा जॉब करना चाहता है, तो बीबीए कोर्स के बाद विद्यार्थी जॉब कर सकता है। लेकिन बीबीए कोर्स के बाद कौन-कौन से कोर्स किए जा सकते हैं। इसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

*एमबीए, पीजीडीएम, एलएलबी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकिंग में पीजी डिप्लोमा, एमएमएस, वित्त प्रबंधन में मास्टर्स, डाटा साइंस में पीजी सर्टिफिकेशन, डिजिटल मार्केटिंग में मास्टर्स ।*

***जॉब के अवसर :*** *जो उम्मीदवार बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने के बाद नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों के लिए कई तरह की नौकरी* ***bba*** *कोर्स करने के बाद उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थी बीबीए कोर्स करके नीचे दिए गए निम्नलिखित पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकता है:*

*बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव · एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट · मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव · यात्रा एवं पर्यटन मैनेजर · इवेंट मैनेजर*

# नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि समूह को प्रेरित करना और आगे बढ़ाना भी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नेतृत्व का महत्व हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है, चाहे वह व्यवसाय हो, राजनीति हो, सामाजिक कार्य हो या शिक्षा। खासकर छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे भविष्य के नेता हैं। नेतृत्व का सही अर्थ केवल आदेश देना नहीं है, बल्कि समूह को एक दिशा में प्रेरित करना और उनके साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इस लेख में, हम छात्रों में नेतृत्व कौशल के महत्व, उनके विकास के तरीके और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। नेतृत्व का सीधा संबंध समाज और संगठन के विकास से है। एक अच्छा नेता केवल अपने अनुयायियों को ही नहीं, बल्कि समग्र समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जाता है। छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का होता विकास

**स्वयं की पहचान:** नेतृत्व छात्रों को अपनी पहचान स्थापित करने में मदद करता है। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास होता है।

**समूह कार्य:** नेतृत्व कौशल छात्रों को टीम के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रदान करता है। यह उन्हें समूह में सामंजस्य बैठाने और दूसरों के विचारों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्णय लेने की क्षमता:** एक नेता को सही समय पर सही निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। छात्रों में यह क्षमता उन्हें भविष्य में जटिल परिस्थितियों का सामना करने में मदद करती है।

**संचार कौशल:** नेतृत्व कौशल छात्रों में प्रभावी संचार कौशल का विकास करता है, जो उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण होता है।

**नेतृत्व कौशल का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसे निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त किया जा सकता है:**

**शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं:** विद्यालय और कॉलेज नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन कर सकते हैं। इनमें छात्रों को नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया जा सकता है।

**समूह परियोजनाएं:** छात्रों को समूह परियोजनाओं में शामिल करना नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। इससे वे एक टीम में काम करना और नेतृत्व करना सीखते हैं।

**विवाद और भाषण प्रतियोगिताएं:** इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों के विचारों की स्पष्टता और संप्रेषण कौशल में सुधार होता है।

## नेतृत्व का प्रभाव

नेतृत्व कौशल का छात्रों के जीवन पर व्यापक प्रभाव होता है। यह न केवल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधारता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को भी समृद्ध बनाता है।

**सफलता की ओर अग्रसर होते हैं:** एक अच्छा नेता अपनी क्षमताओं और अन्य लोगों की क्षमताओं को पहचानता है और उन्हें सही दिशा में निर्देशित करता है।

**समस्याओं का समाधान करते हैं:** नेतृत्व कौशल समस्याओं का विश्लेषण करने और उनका समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है।

**अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं:** अच्छे नेतृत्व कौशल वाले छात्र अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं, जिससे पूरी छात्र समुदाय का विकास होता है।

**समाज में योगदान देते हैं:** नेतृत्व कौशल से लैस छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करते हैं और समाज की प्रगति में योगदान देते हैं।

नेतृत्व कौशल का विकास छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी सफल बनाता है। विद्यालयों और कॉलेजों को चाहिए कि वे छात्रों में नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रयास करें और उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें जिनसे वे एक प्रभावी और जिम्मेदार नेता बन सकें। छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव रखता है। नेतृत्व कौशल किसी भी देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। यह तथ्य विशेष रूप से भारत जैसे युवा देश के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जहां युवा जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बनाती है। युवा ही भविष्य के नेता होते हैं और उनका नेतृत्व कौशल देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) **CPU**
(डी) हार्ड डिस्क

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

**खबर संक्षेप**

### नंदीशाला सेवा दल की बैठक में मुद्दों पर चर्चा

**भिवानी।** नंदीशाला सेवा दल की कार्यकारिणी की बैठक हालुवास रोड स्थित नंदीशाला में हुई। बैठक के दौरान सूखे चारे के स्टॉक, कार्यकारिणी का विस्तार और नंदीशाला सेवा दल के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाने एवं गौवंश की सेवा को कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। गौरतलब होगा कि करीबन दो वर्ष पूर्व नंदीशाला में व्यवस्थाओं के अभाव में रोजाना 15 से 20 गोवंश गोलोक को गमन हो रहा था।

### यादव सभा का निःशुल्क चिकित्सा जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 19 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे सभी मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ एच आर यादव मेडिसिन, डॉ प्रशांत यादव हड्डीरोग, डॉ गौरव यादव सर्जरी, डॉ मनीष यादव ईएनटी, डॉ योगेन्द्र यादव चर्मरोग व डॉ कोमल यादव दंत रोग के मरीजों की जांच करेंगे।

### कॉलेज जाने के लिए निकला युवक लापता

**रेवाड़ी।** भगवानपुर गांव से कॉलेज जाने के लिए घर से निकला एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में नरेंद्र ने बताया कि उसका बेटा तुषान शहर के एक कॉलेज में पढ़ता है। वह 13 मई को कॉलेज के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह न तो कॉलेज पहुंचा और न ही घर आया। उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

## चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने निकाली मतदाता जागरुकता साइकिल रैली

# साइकिल रैली से शहरवासियों को बताया मतदान का महत्व

- चौराहों व मुख्य बाजार से होती हुई जागरुकता रैली ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील
- लोकतंत्र की मजबूती व देश की तरक्की में मतदान के महत्व को समझना जरूरी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





**भिवानी।** मतदाता जागरुकता साइकिल रैली को रवाना करते अतिथि तथा बाजार में मतदाता जागरुकता साइकिल रैली निकालते स्काउट्स एंड गाइड्स व अन्य। **फोटो : हरिभूमि**

लोकतंत्र की मजबूती एवं राष्ट्र की तरक्की में मतदान की भूमिका से अवगत करवाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल तथा डीईओ नरेश मेहता के निर्देश अनुसार एवं जिला आयुक्त (स्काऊटस) श्रीभगवान, जिला संगठन (आयुक्त) पवन कुमार, जिला प्रशिक्षण (आयुक्त) नरेश कुमार व गुरप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप द हरियाणा राज्य भारत स्काऊटस एंड गाइड्स के 15 दिवसीय जागरूकता पखवाड़े के तहत शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय से एडीसी हर्षित कुमार एवं डीईओ नरेश महता ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता साईकिल रवाना किया। जागरूकता साईकिल रैली में करीबन 70 रोवर्स व रेंजर्स भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़, गुरप लीडर सागर, जागरूकता आयोजक कमेटी से आयोजक अमित कुमार, सहआयोजक अमित, सहआयोजक मनोज, सह आयोजक नवीन, सीनियर रोवर नितेश ने की। जागरूकता रैली में एडीसी ने स्वयं साईकिल चलाते हुए नागरिकों से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। जागरूकता रैली उपायुक्त कार्यालय से शुरू होकर रैडक्रॉस, महम गेट, रोहतक गेट, दादरी गेट, हनुमान ढ़ाणी चौक, हालुवास गेट, जोगी वाला मंदिर चौक, वैश्य स्कूल चौक, सराय चौपटा, किरोड़ीमल मंदिर, बर्तन बाजार, घंटाघर, वैश्य कॉलेज, गवार फैक्ट्री के पीछे सेवा नगर स्थित स्काउट्स एंड गाइड्स कार्यालय में संपन्न हुई।

**युवा देश का भविष्य**

एडीसी हर्षित व डीईओ महता ने कहा कि युवा देश का भविष्य है तथा देश के भविष्य को बोध होना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती में मतदान प्रक्रिया कितना महत्व रखती है। इस मौके पर महावीर जैन स्कूल की प्राचार्या व गाइड कैप्टन पुष्पा देवी, एसएसडी स्कूल से स्काऊट मास्टर महेश, गाइड कैप्टन शिवानी जांगड़ा, बीएस इंटरनेशनल स्कूल सांगा से स्काउट मास्टर नितिन आदि मौजूद रहे। गुरप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ व गुरप लीडर सागर ने कहा कि मतदान करना बहुत जरूरी है।



**भिवानी।** मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने को लेकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को संकल्प दिलवाते अतिथि। **फोटो : हरिभूमि**

### हलवासिया विद्या विहार में स्वयंसेवकों ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने समाज को मतदान के प्रति जागरूक करने को लोकतंत्र पर्व का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉक्टर कृष्ण कुमार ने शिरकत की। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत व प्राचार्य विमलेश आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा बारहवीं की मुस्कान ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से 'मतदान की महत्ता' से सभी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। रिद्धिमा ने अपने ओजस्वी स्वर में 'मतदान जागरूकता अभियान' पर भाषण प्रस्तुत किया। रिया सिंह ने लोकतंत्र पर्व पर मतदान की सार्थकता को सिद्ध करते हुए सुमधुर स्वर में 'राजनीति जो भारत माता की गौरव गाथा गाती थी 'कविता की प्रस्तुति दी। आचार्या कविता तंवर ने बताया कि अबकी बार जिला प्रशासन विद्यार्थियों के लिए व्यक्तियों को मतदान में अपना भरपूर योगदान करवाने को एक लिंक अपलोड करेगा जिसके अंतर्गत जो भी विद्यार्थी अपने दादा-दादी, माता-पिता, आस-पास के किसी भी व्यक्ति के साथ मतदान बूथ पर मतदान करवाने ले जाते हुए की फोटो लिंक पर शेयर करेगा, उसे जिला प्रशासन नकद इनाम देगा। स्वयंसेविका प्रांतिका, सिमरन, नूर व रिद्धिमा ने हस्तनिर्मित सुंदर कार्ड मतदान जागरूकता अभियान पर अध्यापकों व सहकर्मियों के हस्ताक्षर भी करवाकर मतदान में भागीदारी को भी सुनिश्चित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र, सुवीरा गर्ग, आचार्य सूरजभान लांबा, मनोज शर्मा, गोविंद प्रताप मिश्रा, आचार्या किरण मखीजा, अनीता आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सभी मतदान केंद्रों पर हों मूलभूत सुविधाएं: गजलक्ष्मी

- हीट वेव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित करें विशेष इंतजाम
- जनरल ऑब्जर्वर ने स्ट्रॉग रूम का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



**तोशाम।** नाकों का निरीक्षण करते जनरल ऑब्जर्वर आर गजलक्ष्मी।

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की जनरल ऑब्जर्वर आर गजलक्ष्मी आईएएस ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली, पानी, रैंप, व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। इसके अतिरिक्त हीट वेव से बचाव के लिए टैंट, ओआरएस घोल आदि की भी व्यवस्था की जाए। जनरल ऑब्जर्वर आर गजलक्ष्मी आईएएस मतदान केंद्रों का दौरा करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दे रही थी। जनरल ऑब्जर्वर ने स्ट्रॉग रूम का भी निरीक्षण किया। उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल, डीएसपी आर्यन चौधरी, तहसीलदार अंकित बैनीवाल, बीडीपीओ सुमित बैनीवाल, नायब तहसीलदार रीतू पूनियां मौजूद रहे। 58.तोशाम विधानसभा सैगमेंट के दौरे के दौरान उन्होंने गांव रिवासाए बजीनाए खरकड़ी सोहान में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। भिवानी मार्ग पर सागवान चौक पर स्थित नाके का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वीडियो ग्राफी व वाहनों की चैकिंग का जायजा लिया।

**मार्केट न्यूज**

### सागर चाय ने लॉंच की सागर ब्लैक डायमंड

**भिवानी।** प्रदेश की मुख्य चाय व मसाला कंपनी सागर टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सागर चाय ने सागर ब्लैक डायमंड चाय लॉंच की है। सागर चाय 1985 से ग्राहकों को अपनी सेवाएँ दे रहा है। सागर टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन राजेश मित्तल ने बताया कि सागर ब्लैक डायमंड चाय में दालचीनी, इलाइची, सौंठ, लोंग, काली मिर्च आदि का संयुक्त मिश्रण है। राजेश मित्तल ने बताया कि आजकल इंसान पूरे दिन भर भाग-दौड़ करता है, उसकी दिनचर्या के साथ-साथ शरीर के पोषक तत्त्व भी असंतुलित होने लगते हैं सागर ब्लैक डायमंड चाय के यूनीक मिश्रण असंतुलित हुए तत्वों को संतुलित करने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि चाय पीने से आलस्य दूर भागता है। उन्होंने बताया कि ग्राहक की सेहत व संतुष्टि हमारा प्रमुख उद्देश्य है। सागर चाय प्रदेश के लगभग सभी काउंटर पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।




## निर्वाचन आयोग का केवाईसी एप वोटर के अधिकारों को बनाता है सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी देख सकते हैं वोटर्स

लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नागरिक अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की प्रोफ़ाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी एप की शुरुआत की है जिसके द्वारा मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। इस एप से वोटर के अधिकार सशक्त बनते है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र में मतदाता सवारे्परि होता है और मतदाता को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीकी युग में बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी इस ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी एप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। केवाईसी नाम की यह ऐप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप पर उम्मीदवार का नाम, पिता व पति,पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा व लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है। उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस ऐप से अपलोड किया जा सकता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के हलफनामे में दी गई जानकारी प्राप्त सकते हैं। इसके अलावा ऐप पर चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी मिलती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ईमानदारी से करें ड्यूटी

- सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ ईमानदारी से ड्यूटी करे ताकि आमजन को समय पर स्वास्थ्य लाभ की सुविधा मिलती रहें। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य राजकीय सामान्य अस्पताल में सीएचओ की दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएचओ वे अपनी.अपनी संस्था पर सभी प्रकार की दवाओं की सूची, जिनकी संख्या 105 है, संस्था पर लगवाना सुनिश्चित करें ताकि संस्था पर आए किसी भी मरीज को दवाई देने से सम्बंधित कोई भी परेशानी ना उठानी पड़े। दवाई के साथ.साथ संस्था पर 14 प्रकार के मरीजों से संबंधित टैस्ट किये जाते है उन सभी टैस्टों का सामान संस्था पर अवश्य उपलब्ध हो तथा प्रत्येक मरीज का टैस्ट अनुसार रिकार्ड भी अवश्य रखें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतू सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखें। संस्था पर कर्मचारियों के नाम, पद, मोबाईल नंबर दीवार पर अवश्य लिखवायें ताकि आपकी संस्था के अधीन एरिया के लोगों को आपसे किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो तो कोई असुविधा ना हो। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के खुलने व बन्द होने का समय भी संस्था के नोटिस बोर्ड पर अवश्य लिखा होना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर 12 स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती है। इनमें गर्भावस्था तथा प्रसव के दौरान देखभाल करना, बाल्यावस्था तथा किशोरावस्था की देखभाल, संचारी रोगों का प्रबंधन जैसे टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया, डेंगू आदि सामान्य संचारी रोगों तथा साधारण बीमारियों के लिए बाह्य रोगी विभाग में देखभाल, तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं।

**मरीजों को मिलनी चाहिए बेहतर सुविधाएं**

उन्होंने बताया कि कायाकल्प तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के तहत संस्था पर साफ.सफाई रखना तथा मरीजों को बेहतर सुविधा देना है। इस प्रोग्राम के तहत राज्य मुख्यालय या अन्य जिलों से टीम द्वारा निरीक्षण किया जाता है जिसमें अगर हमारी संस्था उन मापदंडों पर खरा उतरती है तो हम राज्य में प्रथम स्थान तक प्राप्त कर सकते है जिसके लिए आप सभी प्रयास करेगें तो हम अवश्य सफलता हासिल कर सकते है।नोडल अधिकारी डॉ. अनीता कत्याल ने बताया कि कायाकल्प के तहत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर को जिले में पहले स्थान, दूसरे स्थान तथा तीसरे स्थान पर आने वाली संस्थाओं को राज्य मुख्यालय से अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस राशि का उपयोग वह संस्था स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में ले सकती है।

### चुनाव संबंधित जानकारी में टोल फ्री नंबर 1950 हो रहा है कारगर साबित

- टोल फ्री नंबर 1950 पर आने वाली शिकायतों पर हो रही त्वरित कार्रवाई

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1950 चुनाव से संबंधित जानकारी हासिल करने में कारगर साबित हो रहा है। इस पर आने वाले शिकायतों व अन्य चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लघु सचिवालय में टोल फ्री नंबर के लिए विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर मतदाता सूची, मतदान केंद्र संबंधित जानकारी प्राप्त करने के अलावा चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 1950 टोल फ्री नंबर पर आने शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा जो कॉल जानकारी प्राप्त करने के लिए आती हैं उन्हें चुनाव से संबंधित सटीक जानकारी प्रदान की जा रही है।

## स्वीप अभियान : लघु सचिवालय से रवाना हुई साइक्लोथॉन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- नोडल अधिकारी हर्षित कुमार ने साइकिल चलाकर दिया मतदान करने का संदेश
- स्काउट ग्रुप के युवाओं व युवतियों ने साइकिल रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान करने को किया जागरूक

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार लघु सचिवालय से स्वीप अभियान के तहत साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी हर्षित कुमार ने स्वयं साइकिल चलाकर मतदान करने का संदेश दिया। इस साईकिल रैली में स्काउट गाइड ग्रुप के युवाओं व युवतियों ने भाग लेकर मतदान करने को प्रेरित किया। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार के कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आयोग के थीम चुनाव का पर्व.देश का गर्व को लेकर स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया है। यह साइक्लोथॉन शहर के विभिन्न मागोंर् से होते हुए स्काउट ग्रुप के कार्यालय पर संपन्न होगा। यह साइकिल रैली शहर के विभिन्न मागोंर् से होते हुए नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगी। जिला में प्रत्येक विधानसभानुसार दस.दस ऐसे बूथों की सूची तैयार की गई है जहां पर विगत लोकसभा चुनाव में सामान्य से मतदान प्रतिशत कम हुआ था। अब लोकसभा चुनाव.2024 में इन्ही बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का फोकस रखा गया है। स्वीप अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों के अलावा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली द्वारा कम मतदान वाले बूथों पर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## कार्यशाला में फोटोग्राफरों ने ली आधुनिक तकनीक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- फोटोग्राफर कार्यशाला में वरिष्ठ फोटोग्राफरों व शतकवीर डुडेजा को किया सम्मानित
- समाज की दशा एवं दिशा को सही निर्देशन की जरूरत : वर्मा

महम गेट स्थित स्टार स्टूडियो पर शुक्रवार को फोटोग्राफर भाईचारा गुरप के सौजन्य से राजीव दलाल एवं मनोज की अगुवाई में फोटोग्राफरों की कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी छायाकारों को विभिन्न कैमरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ फोटोग्राफर अशोक शर्मा व देवेंद्र वर्मा ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा को 126 बार रक्तदान करने पर सम्मानित किया एवं उनके समाजसेवा क्षेत्र में सराहनीय योगदान की प्रशंसा की। इस मौके पर दिल्ली कैनन इंडिया से आए गौरव वर्मा ने कहा कि आज समाज की जो दशा एवं दिशा है, उसे सही रूप से निर्देशन की जरूरत है। यही निर्देशन भावी पीढ़ी के लिए सुखद कार्य करेगा। फोटोग्राफी का क्षेत्र निर्देशन के रूप में उभरकर सामने आया है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि आने वाला कल हमारे इन्ही दूरदर्शी जाबाजों के नाम होगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक फोटोग्राफी ही एक छायाकार के जीवन का मुख्य ध्येय होना चाहिए। इस अवसर पर रमेश अरोड़ा, विजय चौहान, रमेश शर्मा, पवन कौशिक, सुरेंद्र कुंवर, प्रदीप अहलावत, भूपेंद्रसिंह, राजू जिंदल, सुमित, राजेश माली, अमित गेरा, नितिन, अमन संभ्रवाल, जयदीप कटारिया आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** मतदान के लिए प्रेरित करते स्वीप टीम सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

दादरी में मतदान प्रतिशत बढ़े इसके लिए स्वीप टीम निरंतर प्रयासरत है और सभी मतदाताओं तक 25 मई को मतदान के लिए संदेश पहुंचा रही है। प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो इस क्रम में स्वीप टीम शुक्रवार को दादरी शहर में स्थित विभिन्न वाहन एजेंसियों व वाहन सर्विस सेंटर में पहुंचकर मतदान के लिए निमंत्रण दिया और निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया।

स्वीप टीम सदस्य सुंदरपाल ने उपस्थित एजेंसी कर्मचारियों को 25 मई के दिन अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि जिस प्रकार वाहन के लिए उचित रखरखाव और सर्विस की आवश्यक होती है उसी प्रकार लोकतंत्र की सफलता के लिए मतदान की जरूरत होती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए 25 मई को सारे काम छोड़ कर सबसे पहले मतदान करें।

हरपाल आर्य ने बताया कि दादरी विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन आयोग ने क्यू एप जारी किया है, जिसके जरिए मतदान केंद्र पर लाइन कितनी लंबी है। ये घर बैठे ही पता किया जा सकता है और सुविधानुसार मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला जा सकता है, यदि किसी मतदाता को मतदान से संबंधित सहायता चाहिए तो वोटर हेल्पलाइन एप या 1950 टोल फ्री नंबर का प्रयोग कर सकता है। टीम द्वारा टाटा मोटर्स, मारुति, हीरो मोटर्स, होंडा, रॉयल एनफील्ड एजेंसी कर्मचारियों और उपस्थित सदस्यों को प्रेरित किया।

### जिले के चार कारगिल शहीदों के पैतृक गांवों में पहुंचेगी रथयात्राः चौहान

# कारगिल शहीद रथयात्रा आज जिले में करेगी प्रवेश

- 98 दिनों में 4100 किमी का सफर तय करेगी कारगिल शहीद रथयात्रा : महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** कारगिल शहीद रथयात्रा। **फोटो : हरिभूमि**

प्रदेशभर के सभी कारगिल शहीदों की शहादत को नमन करने के उद्देश्य से शहीद सेवा दल द्वारा कारगिल शहीद रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो प्रदेशभर के कारगिल शहीदों के पैतृक गांव में पहुंचेंगी तथा शहीदों के शौर्य एवं बलिदान की गाथा से नागरिकों को अवगत करवाने का काम करेगी। इसी कड़ी में कारगिल शहीद रथयात्रा 18 मई को भिवानी जिले में पहुंचेगी, जिसका हमारा अपना फाउंडेशन के नेतृत्व में पूर्व सैनिक स्वागत करेंगे। फाउंडेशन सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेश चौहान ने बताया कि कारगिल शहीद रथयात्रा 10 मई से सिरसा से शुरू हुई थी, जो विभिन्न जिलों से होती हुई 26 मई को कारगिल विजय दिवस पर करगिल पहुंचेंगी, उसके बाद वहां से रवाना होते हुए हिसार के अग्रोहा में यात्रा का समापन होगा। रथयात्रा 98 दिनों में 4100 किलोमीटर का सफर तय करेगी, जिसमें कारगिल शहीदों के पैतृक गांवों में पहुंचकर उन्हें नमन किया जाएगा। चौहान ने बताया कि रथयात्रा गांव पुर के अमर शहीद सिद्धकाम शहीद स्मारक से भिवानी जिले में प्रवेश करेगी तथा 21 मई तक मधमाधवी, बड़दूधीरजा, देवास में पहुंचकर कारगिल शहीदों को नमन करेगी।

**शहीदों को नमन करने का आह्वान किया**

उन्होंने बताया कि कारगिल शहीद रथयात्रा जिले में 200 किलोमीटर का सफर तय करेगी। 20 मई को रथयात्रा भिवानी शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुई शहीद स्मारक नेहरू पार्क में पहुंचेगी, जहां फाउंडेशन के संस्थापक एवं वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन रथयात्रा का स्वागत करेंगे। उन्होंने आसपास क्षेत्र के समस्त पूर्व सैनिकों एवं सामाजिक संगठनों से कार्यक्रम में हिस्सा लेकर शहीदों को नमन करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### सुई के स्कूल की छात्राओं को किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सुई का दसवी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर आज सुबह 17 छात्राओ को स्कूल स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। छात्राओ को स्कूल मुखिया ने 1100.1100 रुपये दे कर सम्मानित किया। स्कूल मुखिया अशोक कुमार ने बताया कि स्कूल की 17 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है।छात्रा सुलेखा व शाइना ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इस मोके पर रमणीक, मोनिका, श्रुति, कमलेश, बबली, सुमन व जयवीर ने बच्चों को सम्मानित किया।



### 41 दिन की धूनी तपस्या में लीन हुए महंत

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा गोगा मंदिर में 41 दिन की धुनी तपस्या में बाबा भूषणगिरी लीन है। यह तपस्या बाबा सोमवारपुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाशगिरी के मार्गदर्शन में कर रहे हैं। जानकारी देते हुए बाबा सोमवारपुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाशीगिरी ने बताया कि कस्बा की सुख शांति, समृद्धि के लिए यह तपस्या की जा रही है। तपस्या सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर दो बजे तक चलती है। वहीं उन्होंने बताया कि इस दम निकालती गर्मी में एसी भी फेल हो जाते हैं वहीं प्रभू भक्ति में लीन बाबा भूषणगिरी इस तपस्या में बहुत बड़ा संदेश दे रहे हैं।

### कुपोषित बच्चों की ओर विशेष ध्यान दें: एडीसी

**चरखी दादरी।** जिले में चिन्हित किए अति कुपोषित व कुपोषित बच्चों की ओर विशेष ध्यान दिया जाए और उन्हें पौष्टिक आहर प्रदान करके स्वच्छ बच्चों की श्रेणी में लाया जाए। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मेहनत के साथ काम करें। एडीसी डॉ. जयेन्द्र सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि विभाग छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान रखने का सबसे बड़ा माध्यम है। अधिकारी सचेत रहकर कार्य करें।

### लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

# पुलिस और अर्धसैनिक बल ने चुनाव के लिए संभाला मोर्चा, निकाला फ्लैग मार्च

कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों में ना आएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

लोकसभा चुनाव को लेकर चरखी दादरी पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर दादरी शहर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम की टुकड़ी व अर्ध सैनिक बल ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। डीएसपी मुख्यालय विनोद शंकर ने बताया कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हैं, जिसके सम्बन्ध में चुनाव की घोषणा के उपरांत हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है।

जिले में लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों व अर्थसैनिक बल ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

चाहे शहर हो या फिर देहात, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।



**चरखी दादरी।** शहर में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस व आईटीबीपी के जवान। *फोटो : हरिभूमि*

#### अफवाहों पर ध्यान न दें

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आम जन से यह भी अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। जिला पुलिस की युवाओं से अपील है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों में ना आएं।

#### आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना फ्लैग मार्च का उद्देश्य

*डीएसपी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि फ्लैग मार्च रोहतक चौक, झाड़ू चौक, चरखी दरवाजा, बधवान गेट, कबीर नगर, गामड़ी चौक, कबीर नगर ,बाल्मीकि बस्ती, गौशाला चौक, रंगीला हनुमान मंदिर, झज्जर घाटी, काट मंडी, लाला लाजपतराय चौक, आंबेडकर चौक में से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके।*



# भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ किया अन्याय: राव

- राव दान सिंह ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा सैनिकों और किसानों की भूमि हैं। दक्षिण हरियाणा के प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति सेना में भर्ती होकर देशसेवा कर रहा हैं। लेकिन अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा तथा युवाओं स्थाई रोजगार दिया जाएगा। इंडि गठबंधन के महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गांव कालवा, ब्रहमणवास, नयन, आसरावास, मोरुंड, नियामतपुरा, गोठडी, रायमलिकपुर, बूढ़वाल, नांगल सोढा, थनवास, ढाणी सैनियां की, अमरपुरा, बनियाड़ी, नांगल नूनिया, दताल, जाजमा की ढाणी, नोलाज, शनि देव मंदिर नांगल चौधरी, नोलपुर, शहबाजपुर, अलीपुर, दोस्तपुर, भेडंटी व दोखेरा गांव में जनसभा का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को 400 पार नारा जुमला साबित होगा। पिछले विस में भाजपा ने हरियाणा में 75 पार का नारा दिया था। लेकिन भाजपा सरकार को केवल 40 सीट मिली थी। भाजपा सरकार के कहना है कि इस बार चुनाव जीतने पर संविधान बदलाव करेंगे। लेकिन लोगों ने सरकार ही बदलने का मन बना लिया हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में युवाओं, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों हर किसी को परेशान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आए दिन कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यह आने वाले दिनों में और अधिक लोग जुड़ेंगे। देश में मोदी लहर को लेकर राव दानसिंह ने कहा कि अब कोई मोदी लहर नहीं है।

# आतंक के माहौल को किया खत्म : धर्मबीर

- भाजपा प्रत्याशी चौ: धर्मबीर सिंह ने विभिन्न गांवों में जनसभाओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने कांग्रेस की नाकामियों और भाजपा के विकास कार्यों पर कहा कि कांग्रेस सरकार में पूरे देश में भ्रष्टाचार और आतंक का माहौल था। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में इस कदर डूब चुके है कि जब कांग्रेस के नेताओं के घर छापे पड़ते हैं तो कई.कई दिनों तक तो मशीन से नोट गिनने में लग जाते हैं। जिसके बाद कांग्रेस के इस कलंकित काल को खत्म कने के लिए नरेंद्र मोदी ने भय, भूख और भ्रष्टाचार को दूर करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने का काम किया। धर्मबीर सिंह शुक्रवार को बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव जेवली, बेरला,कुब्जानगर,पिचोपा खुद, निहालगढ़, पिचौपा कलां, टोडीनगर, गुडाना, झोझू खुर्द, गोकल, रामबास, रूदड़ोल, चंदेनी, बीजणा, जावा, माईखुर्द, माईकलां, नौरगांबास राजपूतान, ऊण, नौरंगाबास जाटान, ढ़ाणी गुजरान तनेजा सहजगिरी, गोपालवास, बडराई, कादमा, धनासर, नांधा, नांधाढ़ाणी, हंसावास खुर्द, भांडवा, आर्य नगर, गोविंदपुरा, खोरड़ा, कारीमोद, बाढड़ा आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विभिन्न गांवों में पहुंचने पर धर्मबीर सिंह का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मनदीप डालावास जिला परिषद चेयरमैन, पूर्व जिला पार्षद उमेद पातुवास, मंडल अध्यक्ष रामनिवास पिचौपा, कादमा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र फौजी, मनदीप चेयरमैन लालावास, झोझू चेयरमैन बिजेंद्र यादव, बाढड़ा चेयरमैन आनंद श्योराण, ललित एडवोकेट, सुधीर चांदवास, मन्नु धनखड़, तेजपाल चौहान, पंकज गुज्जर, सुरमेल कन्हेटी, जिला मीडिया प्रभारी सोनू सैनी सहित भाजपा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख आदि मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** जनसभा को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

#### मोहित ने धर्मबीर के पक्ष में की मतदान अपील

भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र युवा नेता मोहित चौधरी ने चौ. धर्मवीर सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील करते हुए शुक्रवार को नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव नसीबपुर, ढ़ाणी किरारोद, सिलारपुर मेहता, निवाज नगर, हाजीपुर, वास, ढ़ाणी सोनिया वाली, मंडलाणा, धरसू,महरमपुर,जाखनी, डोहरखुर्द, डोहर कलां, मोहनपुर, चिंडालिया, बापडोली, नांगल काठा, खोडमा,जैलाफ, पटीकरा, कादीपुरी, भूषण खुर्द, भूषण कलां, शोभापुर, सेका, मंढ़ाणा, खानपुर, कोजिंदा आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया।

# विद्यार्थियों ने वेस्ट को बनाया बेस्ट

- आर्ट एंड क्राफ्ट की कलाकृतियां बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास में सहायक : शैलेश
- स्कूलों में लगे अनुदेशक हरियाणा की कला एवं संस्कृति को दे रहे बढ़ावा : पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव बजीणा स्थित वीर शहीद शीशपाल पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर वर्क एजुकेशन अनुदेशक मास्टर पवन कुमार मिताथल के मार्गदर्शन में कक्षा छठी से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट में वेस्ट मैटेरियल से विभिन्न प्रकार का सजावटी सामान बनवाया।

स्टॉलों का अवलोकन करते हुए डीडीओ शैलेश कुमार ने कहा कि ऐसी कलाकृतियां बच्चों में बौद्धिक और मानसिक विकास के साथ साथ उनका सर्वांगीण विकास करने में भी सहायक होती है। उन्होंने कहा कि मास्टर पवन के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय प्रयास है। इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन भी होगा। मास्टर पवन ने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत वर्ष 2014 से प्रदेश के विभिन्न सरकारी स्कूलों में आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक वोकल, तबला वादक, डांस और थियेटर में नियुक्ति की गई थी। स्कूलों में लगे 356 वर्क अनुदेशकों ने लगातार पिछले नौ वर्षों से हरियाणा की कला संस्कृति को बढ़ावा देते हुए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां हासिल करने का काम किया है। इस मौके पर विजय कुमार, धर्मसिंह, राजेश, धर्मेंद्र, अशोक, अजय रांगी, रमेश रोहिला, अनिल, फकीरचंद, सुमेर सिंह, किरण, मंजू, मीना, नीलम आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** वेस्ट मेटेरियल से बनाए सजावटी सामान की लगाई स्टॉल पर विद्यार्थी व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने रोहताश



**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने अनुसूचित जाति मोर्चा का भिवानी जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। रोहताश चौहान को नया पदभार मिलने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान व शिवकुमार पाराशर, भाजपा नेत्री मीना परमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने फूल.मालाएं पहनाकर उन्हे बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि रोहताश चौहान भविष्य में भाजपा की मुख्य धारा के साथ चलते हुए आमजन हित में कार्य करेंगे। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रोहताश चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, संगठन महामंत्री फ णिंनद्रनाथ शर्मा, वित्त मंत्री जेपी दलाल, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष मुकेश गौड सहित अन्य शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
**हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी**
**फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005**

# रिहान को किया सम्मानित

- प्रतियोगिता में श्री लाल बहादुर शास्त्री वमावि के रिहान का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

काठमांडू नेपाल में होने वाली कब्बड्डी प्रतियोगिता में श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानीखेड़ा के रिहान सुपुत्र संदीप कुमार का कोच विक्रम फौजी की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन रहा।

शुक्रवार को विद्यालय में दोहरी ख़ुशी का दिन रहा। जब विद्यालय के छात्र रिहान ने इंटरनेशनल स्तर पर हुए कब्बड्डी खेल में गोल्ड मेडल तथा पोल ब्रेक खेल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर के अपने देश विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन किया ।

खेल में शानदार प्रदर्शन करने पर खिलाड़ी का संस्था प्रधान मुकेश भारद्वाज व संजय भारद्वाज द्वारा शानदार स्वागत किया गया और उनको विद्यालय की तरफ से भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक संजय बामल द्वारा सभी बच्चों को खेलो में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा खेल कर आये खिलाड़ी और उनके माता.पिता को बधाई दी। समस्त विद्यालय परिवार इस मौके पर मौजूद रहा और रिहान को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



**बवानीखेड़ा।** बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

### आमजन खुद के लिए एहतियात बरतें

**चरखी दादरी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 4-5 दिनों में राज्य में शुष्क मौसम, तापमान में वृद्धि और लू की स्थिति रहने की चेतावनी जारी की है। यह स्थिति 19 मई तक स्थिर रह सकती है। इस हीटवेव से जिला भी अधिक प्रभाव हो सकता है। ऐसे में सभी नागरिक मौसम को देखते हुए कुछ जरूरी एहतियात बरतें और पक्षियों व पशुओं के लिए भी पानी का प्रबंध करें। उपायुक्त मनदीप कौर ने हीटवेव को देखते हुए जिलावासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि 4-5 दिनों के दौरान मुख्य रूप से शुष्क मौसम एवं आसमान साफ रहने की संभावना है। इस अवधि के दौरान अपना जरूरी कार्य सुबह और शाम को करें। बहुत जरूरी कार्य हो तभी घर से बाहर जाएं।



## पेड़-पौधे न केवल ऑक्सीजन बल्कि भोजन भी देतेः बाबा

**भिवानी।** पृथ्वी को सुरक्षित रखने, बीमारियों से बचाकर रखने और सुंदर बनाने के लिए पेड़-पौधें बहुत जरूरी है, पेड़ लगाने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण लाभ ये है कि वे कार्बनडाई ऑक्साइड ग्रहण करता है और सांस लेने के लिए जरूरी ऑक्सीजन प्रदान करते है, ये बात त्रिवेणी बाबा ने बाबू रामभजन पार्क में त्रिवेणी लगाने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन देते है, बल्कि पक्षियों, अन्य जानवरों व मनुष्य को भोजन भी प्रदान करते है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि पृथ्वी बचाने के लिए आगे आएं तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करें। इस अवसर पर शंकर नर्सरी संचालक चंद्रमोहन, राकेश, प्रेम माली आदि मौजूद रहे।



**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### स्वयं के साथ पेड़-पौधों को भी गर्मी से बचाने के करने होंगे व्यापक प्रबंधः पिंकू

# पौधों को गर्मी से बचाने को चलाया विशेष अभियान

- पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण एवं रोपित पौधों की देखभाल जरूरी : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण का संतुलन निरंतर बिगड़ता जा रहा है, जिसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक न केवल अधिक से अधिक पौधरोपण करें, बल्कि रोपित किए पौधों की देखभाल के लिए जरूरी कदम उठाए, ताकि पौधें वृक्ष बनकर पर्यावरण को संतुलित कर पाए। पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय के मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार के मार्गदर्शन एवं पीटीआई विनोद पिंकू के सहयोग से विद्यालय द्वारा रोपित किए पौधों को गर्मी व लू से बचाने का अभियान चलाया।

इस दौरान रोपित किए पौधों के आस-पास ईंटों की चार दीवारी बनाकर घास डालकर पानी का छिड़काव किया, ताकि गर्मी से पौधों को बचाया जा सके। पीटीआई पिंकू ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अत्याधिक गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजारी जारी है, ताकि मनुष्य व पशु-पक्षियों को गर्मी के प्रकोप से बचाया जा सके, जिसका सभी को पालन करना चाहिए।

हमें स्वयं के साथ-साथ पेड़-पौधों को भी गर्मी से बचाने के लिए व्यापक प्रबंध करने होंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारे द्वारा की गई मेहनत रंग ला सके।



**भिवानी।** रोपित किए गए पौधों को गर्मी से बचाने के लिए ईंटों की चारदीवारी व खास से छाया करते पीटीआई विनोद पिंकू व विद्यार्थी।

#### अधिक गर्मी में पेड़-पौधें सूखकर हो

उन्होंने कहा कि अधिक गर्मी में पेड़-पौधें सूखकर नष्ट हो जाते है, जिन्हें देखभाल की जरूरत होती है तथा सिर्फ देखभाल के सहारे ही रोपित किए पौधों को जिंदा रखा जा सकता है। कार्यक्रम में अध्यापक मुकेश सांगवान, लक्ष्मी देवी, अनिल शर्मा, नवीन कुमार, विजेंद्र कम्प्यूटर, परवेश कुमारी, महीपाल,बिमला सुदेश, सुमन, रामप्रकाश का विशेष सहयोग रहा।